आइआइएम रांची परिसर राष्ट्र को समर्पित

जासं, रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची के नए आइआइएम परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। जनजातीय गौरव दिवस पर झारखंड का दौरा पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने खूंटी में आयोजित एक कार्यक्रम से इस परिसर का उद्घाटन किया।

उद्घाटन आइआइएम रांची के स्वामी विवेकानंद सभागार में निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और अध्यक्ष, बोर्ड आफ गवर्नर्स, आइआइएम रांची प्रवीण शंकर पंड्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। बोर्ड आफ गवर्नर्स के सदस्य कार्यक्रम में आनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। निदेशक ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सबों को बधाई दी।

योजनाओं का उद्घाटन करते पीएम मोदी, साथ में राज्यपाल व सीएम • जागरण

आइआइएम रांची ने किया है उत्कृष्ट प्रदर्शन

आउटलुक-आइकेयर इंडिया के सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल 2024 में प्रभावशाली 7वीं रैंक हासिल करते हुए आइआइएम रांची ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संकाय-छात्र अनुपात, अनुसंधान, रोजगार, संकाय गुणवत्ता, समग्रता और विविधता में अच्छे स्कोर प्राप्त किए हैं। 2030 के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए आइआइएम ने शिक्षा, अनुसंधान, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में उत्कृष्टता को परिभाषित करने की योजना बनाई है। भौतिक बुनियादी ढांचे में निवेश करने की प्रतिबद्धता, वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों व सामाजिक जरूरतों के मुताबिक अनुसंधान के लिए संस्थान समर्पित है।

Dainik Jagran, 16.11.2023, P.4